CS (P) 2014

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : B–FVS–N–IVUA** **Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL STUDIES

## PAPER—I

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

ABHYAS IAS ACADEMY

1. What are the significances of a practical approach to sugarcane production known as 'Sustainable Sugarcane Initiative'?

1. Seed cost is very low in this compared to the conventional method of cultivation.
2. Drip irrigation can be practiced very effectively in this.
3. There is no application of chemical/inorganic fertilizers at all in this.
4. The scope for intercropping is more in this compared to the conventional method of cultivation.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 3 only

(b) 1, 2 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

2. If a wetland of international importance is brought under the 'Montreux Record', what does it imply?

(a) Changes in ecological character have occurred, are occurring or are likely to occur in the wetland as a result of human interference

(b) The country in which the wetland is located should enact a law to prohibit any human activity within five kilometres from the edge of the wetland

(c) The survival of the wetland depends on the cultural practices and traditions of certain communities living in its vicinity and therefore the cultural diversity therein should not be destroyed

(d) It is given the status of 'World Heritage Site'

3. Which one of the following pairs of islands is separated from each other by the 'Ten Degree Channel'?

(a) Andaman and Nicobar

(b) Nicobar and Sumatra

(c) Maldives and Lakshadweep

(d) Sumatra and Java

4. Consider the following pairs :

| | *Programme/Project* | | *Ministry* |
|---|---|---|---|
| 1. | Drought-Prone Area Programme | : | Ministry of Agriculture |
| 2. | Desert Development Programme | : | Ministry of Environment and Forests |
| 3. | National Watershed Development Project for Rainfed Areas | : | Ministry of Rural Development |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) None

1. गन्ना उत्पादन के एक व्यावहारिक उपागम का, जिसे 'धारणीय गन्ना उपक्रमण' के रूप में जाना जाता है, क्या महत्त्व है?

   1. कृषि की पारम्परिक पद्धति की तुलना में इसमें बीज की लागत बहुत कम होती है।
   2. इसमें च्यवन (ड्रिप) सिंचाई का प्रभावकारी प्रयोग हो सकता है।
   3. इसमें रासायनिक/अकार्बनिक उर्वरकों का बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं होता।
   4. कृषि की पारम्परिक पद्धति की तुलना में इसमें अन्तराशस्यन की ज्यादा गुंजाइश है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

   *(a)* केवल 1 और 3

   *(b)* केवल 1, 2 और 4

   *(c)* केवल 2, 3 और 4

   *(d)* 1, 2, 3 और 4

2. यदि अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की किसी आर्द्रभूमि को 'मॉन्ट्रियो रिकॉर्ड' के अधीन लाया जाए, तो इससे क्या अभिप्राय है?

   *(a)* मानव हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप आर्द्रभूमि में पारिस्थितिक स्वरूप में परिवर्तन हो गया है, हो रहा है या होना सम्भावित है

   *(b)* जिस देश में आर्द्रभूमि अवस्थित है, उसे आर्द्रभूमि के कोर से पाँच किलोमीटर के दायरे में मानव क्रियाकलाप को निषिद्ध करने के लिए विधि अधिनियमित करना चाहिए

   *(c)* आर्द्रभूमि का बचा रहना इसके आस-पास रहने वाले कतिपय समुदायों की सांस्कृतिक प्रथाओं तथा परम्पराओं पर निर्भर है और इसलिए उसके अन्दर की सांस्कृतिक विविधता को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए

   *(d)* इसे 'विश्व विरासत स्थल' की स्थिति प्रदान की गई है

3. निम्नलिखित द्वीपों के युग्मों में से कौन-सा एक 'दश अंश जलमार्ग' द्वारा आपस में पृथक् किया जाता है?

   *(a)* अन्दमान एवं निकोबार

   *(b)* निकोबार एवं सुमात्रा

   *(c)* मालदीव एवं लक्षद्वीप

   *(d)* सुमात्रा एवं जावा

4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **कार्यक्रम/परियोजना** | | **मंत्रालय** |
|---|---|---|---|
| 1. | सूखा-प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम | : | कृषि मंत्रालय |
| 2. | मरुस्थल विकास कार्यक्रम | : | पर्यावरण एवं वन मंत्रालय |
| 3. | वर्षापूरित क्षेत्रों हेतु राष्ट्रीय जलसम्भर विकास परियोजना | : | ग्रामीण विकास मंत्रालय |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

   *(a)* केवल 1 और 2

   *(b)* केवल 3

   *(c)* 1, 2 और 3

   *(d)* कोई नहीं

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**5.** With reference to Bombay Natural History Society (BNHS), consider the following statements :

1. It is an autonomous organization under the Ministry of Environment and Forests.
2. It strives to conserve nature through action-based research, education and public awareness.
3. It organizes and conducts nature trails and camps for the general public.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**6.** With reference to 'Global Environment Facility', which of the following statements is/are correct?

*(a)* It serves as financial mechanism for 'Convention on Biological Diversity' and 'United Nations Framework Convention on Climate Change'

*(b)* It undertakes scientific research on environmental issues at global level

*(c)* It is an agency under OECD to facilitate the transfer of technology and funds to underdeveloped countries with specific aim to protect their environment

*(d)* Both *(a)* and *(b)*

**7.** With reference to technologies for solar power production, consider the following statements :

1. 'Photovoltaics' is a technology that generates electricity by direct conversion of light into electricity, while 'Solar Thermal' is a technology that utilizes the Sun's rays to generate heat which is further used in electricity generation process.
2. Photovoltaics generates Alternating Current (AC), while Solar Thermal generates Direct Current (DC).
3. India has manufacturing base for Solar Thermal technology, but not for Photovoltaics.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**8.** Consider the following languages :

1. Gujarati
2. Kannada
3. Telugu

Which of the above has/have been declared as 'Classical Language/Languages' by the Government?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**5.** बम्बई नेचुरल हिस्टरी सोसाइटी (BNHS) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है।
2. यह क्रिया-आधारित अनुसंधान, शिक्षा एवं लोक जागरूकता के माध्यम से प्रकृति को बचाने का प्रयास करता है।
3. यह आम जनता के लिए प्रकृति खोज-यात्राओं एवं शिविरों का आयोजन एवं संचालन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**6.** 'भूमण्डलीय पर्यावरण सुविधा' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* यह 'जैव-विविधता पर अभिसमय' एवं 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र ढाँचा अभिसमय' के लिए वित्तीय क्रियाविधि के रूप में काम करता है

*(b)* यह भूमण्डलीय स्तर पर पर्यावरण के मुद्दों पर वैज्ञानिक अनुसंधान करता है

*(c)* यह OECD के अधीन एक अभिकरण है, जो अल्पविकसित देशों को उनके पर्यावरण की सुरक्षा के विशिष्ट उद्देश्य से प्रौद्योगिकी और निधियों का अन्तरण सुकर बनाता है

*(d)* दोनों *(a)* और *(b)*

**7.** सौर शक्ति उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'प्रकाशवोल्टीय प्रक्रिया' एक प्रौद्योगिकी है, जो कि प्रकाश के विद्युत् में प्रत्यक्ष रूपान्तरण द्वारा विद्युत् जनन करती है, जबकि 'सौर तापीय प्रक्रिया' एक प्रौद्योगिकी है, जो सूर्य की किरणों का उपयोग ताप जनित करने के लिए करती है, जिसका आगे विद्युत् जनन प्रक्रिया में उपयोग किया जाता है।
2. प्रकाशवोल्टीय प्रक्रिया प्रत्यावर्ती धारा (AC) का जनन करती है, जबकि सौर तापीय प्रक्रिया दिष्ट धारा (DC) का जनन करती है।
3. भारत के पास सौर तापीय प्रौद्योगिकी के लिए विनिर्माण आधार है, किन्तु प्रकाशवोल्टीय प्रौद्योगिकी के लिए नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**8.** निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिए :

1. गुजराती
2. कन्नड़
3. तेलगू

उपर्युक्त में से किसको/किनको सरकार ने 'श्रेण्य (क्लासिकी) भाषा/भाषाएँ' घोषित किया है?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**9.** Consider the following pairs :

| | | |
|---|---|---|
| 1. Dampa Tiger Reserve | : | Mizoram |
| 2. Gumti Wildlife Sanctuary | : | Sikkim |
| 3. Saramati Peak | : | Nagaland |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**10.** With reference to a conservation organization called 'Wetlands International', which of the following statements is/are correct?

1. It is an intergovernmental organization formed by the countries which are signatories to Ramsar Convention.
2. It works at the field level to develop and mobilize knowledge, and use the practical experience to advocate for better policies.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**11.** With reference to a grouping of countries known as BRICS, consider the following statements :

1. The First Summit of BRICS was held in Rio de Janeiro in 2009.
2. South Africa was the last to join the BRICS grouping.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**12.** Consider the following diseases :

1. Diphtheria
2. Chickenpox
3. Smallpox

Which of the above diseases has/have been eradicated in India?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

ABHYAS IAS ACADEMY Basis to Brilliance

9. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. दाम्पा टाइगर रिज़र्व : मिज़ोरम
2. गुमटी वन्यजीव अभयारण्य : सिक्किम
3. सारामती शिखर : नागालैण्ड

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

10. 'वेटलैंड्स इंटरनेशनल' नामक संरक्षण संगठन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह रामसर अभिसमय के हस्ताक्षरकर्ता देशों द्वारा बनाया गया एक अन्तःसरकारी संगठन है।
2. यह ज्ञान के विकास और संग्रहण के लिए तथा व्यावहारिक अनुभव का बेहतर नीतियों हेतु पक्षसमर्थन करने के लिए क्षेत्र स्तर पर कार्य करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

11. BRICS के रूप में ज्ञात देशों के एक समूह के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. BRICS का पहला शिखर सम्मेलन रिओ दे जेनेरो में 2009 में हुआ था।
2. दक्षिण अफ्रीका BRICS समूह में अन्त में शामिल हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित रोगों पर विचार कीजिए :

1. डिफ्थीरिया
2. छोटी माता (चिकेनपॉक्स)
3. चेचक (स्मॉलपॉक्स)

उपर्युक्त में से किस रोग/किन रोगों का भारत में उन्मूलन हो चुका है?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**13.** Which of the following phenomena might have influenced the evolution of organisms?

1. Continental drift
2. Glacial cycles

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**14.** Other than poaching, what are the possible reasons for the decline in the population of Ganges River Dolphins?

1. Construction of dams and barrages on rivers
2. Increase in the population of crocodiles in rivers
3. Getting trapped in fishing nets accidentally
4. Use of synthetic fertilizers and other agricultural chemicals in crop-fields in the vicinity of rivers

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**15.** The Radcliffe Committee was appointed to

*(a)* solve the problem of minorities in India

*(b)* give effect to the Independence Bill

*(c)* delimit the boundaries between India and Pakistan

*(d)* enquire into the riots in East Bengal

**16.** Brominated flame retardants are used in many household products like mattresses and upholstery. Why is there some concern about their use?

1. They are highly resistant to degradation in the environment.
2. They are able to accumulate in humans and animals.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**13.** निम्नलिखित में से किस घटना/किन घटनाओं ने जीवों के विकास को प्रभावित किया होगा?

1. महाद्वीपीय विस्थापन
2. हिमानी चक्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**14.** गंगा नदी डॉल्फिन की समष्टि में ह्रास के लिए शिकार-चोरी के अलावा और क्या सम्भव कारण हैं?

1. नदियों पर बाँधों और बराज़ों का निर्माण
2. नदियों में मगरमच्छों की समष्टि में वृद्धि
3. संयोग से मछली पकड़ने के जालों में फँस जाना
4. नदियों के आस-पास के फसल-खेतों में संश्लिष्ट उर्वरकों और अन्य कृषि रसायनों का इस्तेमाल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**15.** रैडक्लिफ समिति किसलिए नियुक्त की गई थी?

*(a)* भारत में अल्पसंख्यकों की समस्या को सुलझाने के लिए

*(b)* स्वतंत्रता विधेयक को कार्यरूप में परिणत करने के लिए

*(c)* भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं को निर्धारित करने के लिए

*(d)* पूर्वी बंगाल के दंगों की जाँच करने के लिए

**16.** कई घरेलू उत्पादों, जैसे गद्दों और फर्नीचर की गद्दियों (अपहोल्स्टरी), में ब्रोमीनयुक्त ज्वाला मंदकों का उपयोग किया जाता है। उनका उपयोग क्यों कुछ चिन्ता का विषय है?

1. उनमें पर्यावरण में निम्नीकरण के प्रति उच्च प्रतिरोधकता है।
2. वे मनुष्यों और पशुओं में संचित हो सकते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**17.** Consider the following :

1. Bats
2. Bears
3. Rodents

The phenomenon of hibernation can be observed in which of the above kinds of animals?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* Hibernation cannot be observed in any of the above

**18.** Which one of the following is the largest Committee of the Parliament?

*(a)* The Committee on Public Accounts

*(b)* The Committee on Estimates

*(c)* The Committee on Public Undertakings

*(d)* The Committee on Petitions

**19.** Which of the following adds/add carbon dioxide to the carbon cycle on the planet Earth?

1. Volcanic action
2. Respiration
3. Photosynthesis
4. Decay of organic matter

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**20.** If you walk through countryside, you are likely to see some birds stalking alongside the cattle to seize the insects disturbed by their movement through grasses. Which of the following is/are such bird/birds?

1. Painted Stork
2. Common Myna
3. Black-necked Crane

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* 3 only

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**17.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. चमगादड़
2. भालू
3. कृन्तक (रोडेन्ट)

उपर्युक्त में से किस प्रकार के जन्तु में शीतनिष्क्रियता की परिघटना का प्रेक्षण किया जा सकता है?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* शीतनिष्क्रियता उपर्युक्त में से किसी में भी नहीं प्रेक्षित की जा सकती

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक सबसे बड़ी संसदीय समिति है?

*(a)* लोक लेखा समिति

*(b)* प्राक्कलन समिति

*(c)* सरकारी उपक्रम समिति

*(d)* याचिका समिति (कमिटी ऑन पिटिशन्स)

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से पृथ्वी ग्रह पर कार्बन चक्र में कार्बन डाइऑक्साइड का योगदान करता है/करते हैं?

1. ज्वालामुखी क्रिया
2. श्वसन
3. प्रकाश-संश्लेषण
4. जैव पदार्थ का क्षय

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**20.** यदि आप ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरते हैं, तो आपको यह देखने को मिल सकता है कि अनेक प्रकार के पक्षी, चरने वाले पशुओं/भैंसों के पीछे-पीछे चलते हैं और उनके घास में चलने से अशान्त होने वाले कीटों को पकड़ते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/से ऐसा/ऐसे पक्षी है/हैं?

1. चित्रित बलाक
2. साधारण मैना
3. काली गर्दन वाला सारस

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* केवल 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**21.** In medieval India, the designations 'Mahattara' and 'Pattakila' were used for

(a) military officers

(b) village headmen

(c) specialists in Vedic rituals

(d) chiefs of craft guilds

**22.** Lichens, which are capable of initiating ecological succession even on a bare rock, are actually a symbiotic association of

(a) algae and bacteria

(b) algae and fungi

(c) bacteria and fungi

(d) fungi and mosses

**23.** If you travel through the Himalayas, you are likely to see which of the following plants naturally growing there?

1. Oak
2. Rhododendron
3. Sandalwood

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**24.** Which of the following are some important pollutants released by steel industry in India?

1. Oxides of sulphur
2. Oxides of nitrogen
3. Carbon monoxide
4. Carbon dioxide

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 3 and 4 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**25.** Which of the following Kingdoms were associated with the life of the Buddha?

1. Avanti
2. Gandhara
3. Kosala
4. Magadha

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 4

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 3 and 4

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

21. मध्यकालीन भारत में 'महत्तर' और 'पट्टकिल' पदनाम किनके लिए प्रयुक्त होते थे?

(a) सैन्य अधिकारी

(b) ग्राम मुखिया

(c) वैदिक कर्मकाण्ड के विशेषज्ञ

(d) शिल्पी श्रेणियों के प्रमुख

22. लाइकेन, जो एक नग्न चट्टान पर भी पारिस्थितिक अनुक्रम को प्रारम्भ करने में सक्षम हैं, वास्तव में किनके सहजीवी साहचर्य हैं?

(a) शैवाल और जीवाणु

(b) शैवाल और कवक

(c) जीवाणु और कवक

(d) कवक और मॉस

23. यदि आप हिमालय से होकर यात्रा करते हैं, तो आपको वहाँ निम्नलिखित में से किस पादप/किन पादपों को प्राकृतिक रूप में उगते हुए दिखने की सम्भावना है?

1. बांज
2. बुरुंश
3. चंदन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित में से कौन-से कुछ महत्त्वपूर्ण प्रदूषक हैं जो भारत में इस्पात उद्योग द्वारा मुक्त किए जाते हैं?

1. सल्फर के ऑक्साइड
2. नाइट्रोजन के ऑक्साइड
3. कार्बन मोनोऑक्साइड
4. कार्बन डाइऑक्साइड

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 3 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

25. निम्नलिखित राज्यों में से किनका सम्बन्ध बुद्ध के जीवन से था?

1. अवन्ति
2. गान्धार
3. कोसल
4. मगध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2 और 3

(b) 2 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 3 और 4

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**26.** Every year, a monthlong ecologically important campaign/festival is held during which certain communities/tribes plant saplings of fruit-bearing trees. Which of the following are such communities/tribes?

*(a)* Bhutia and Lepcha

*(b)* Gond and Korku

*(c)* Irula and Toda

*(d)* Sahariya and Agariya

**27.** The sales tax you pay while purchasing a toothpaste is a

*(a)* tax imposed by the Central Government

*(b)* tax imposed by the Central Government but collected by the State Government

*(c)* tax imposed by the State Government but collected by the Central Government

*(d)* tax imposed and collected by the State Government

**28.** What does venture capital mean?

*(a)* A short-term capital provided to industries

*(b)* A long-term start-up capital provided to new entrepreneurs

*(c)* Funds provided to industries at times of incurring losses

*(d)* Funds provided for replacement and renovation of industries

**29.** The main objective of the 12th Five-Year Plan is

*(a)* inclusive growth and poverty reduction

*(b)* inclusive and sustainable growth

*(c)* sustainable and inclusive growth to reduce unemployment

*(d)* faster, sustainable and more inclusive growth

**30.** With reference to Balance of Payments, which of the following constitutes/constitute the Current Account?

1. Balance of trade
2. Foreign assets
3. Balance of invisibles
4. Special Drawing Rights

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1 and 3

*(d)* 1, 2 and 4

**31.** The terms 'Marginal Standing Facility Rate' and 'Net Demand and Time Liabilities', sometimes appearing in news, are used in relation to

*(a)* banking operations

*(b)* communication networking

*(c)* military strategies

*(d)* supply and demand of agricultural products

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**26.** प्रत्येक वर्ष कतिपय विशिष्ट समुदाय/जनजाति, पारिस्थितिक रूप से महत्त्वपूर्ण, मास-भर चलने वाले अभियान/त्यौहार के दौरान फलदार वृक्षों की पौध का रोपण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-से ऐसे समुदाय/जनजाति हैं?

*(a)* भूटिया और लेप्चा

*(b)* गोंड और कोर्कू

*(c)* इरुला और तोडा

*(d)* सहरिया और अगरिया

**27.** विक्रय-कर, जिसका भुगतान आप कोई टूथपेस्ट खरीदते समय करते हैं, निम्नलिखित में से किस प्रकार का कर है?

*(a)* केन्द्र सरकार द्वारा आरोपित कर

*(b)* केन्द्र सरकार द्वारा आरोपित किन्तु राज्य सरकार द्वारा संग्रहीत कर

*(c)* राज्य सरकार द्वारा आरोपित किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा संग्रहीत कर

*(d)* राज्य सरकार द्वारा आरोपित एवं संग्रहीत कर

**28.** जोखिम पूँजी से क्या तात्पर्य है?

*(a)* उद्योगों को उपलब्ध कराई गई अल्पकालीन पूँजी

*(b)* नये उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई दीर्घकालीन प्रारम्भिक पूँजी

*(c)* उद्योगों को हानि उठाते समय उपलब्ध कराई गई निधियाँ

*(d)* उद्योगों के प्रतिस्थापन एवं नवीकरण के लिए उपलब्ध कराई गई निधियाँ

**29.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

*(a)* समावेशी विकास और गरीबी न्यूनीकरण

*(b)* समावेशी एवं धारणीय विकास

*(c)* बेरोजगारी घटाने हेतु धारणीय एवं समावेशी विकास

*(d)* तीव्रतर, धारणीय एवं ज्यादा समावेशी विकास

**30.** भुगतान सन्तुलन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से किससे/किनसे चालू खाता बनता है?

1. व्यापार सन्तुलन
2. विदेशी परिसम्पत्तियाँ
3. अदृश्यों का सन्तुलन
4. विशेष आहरण अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 4

**31.** 'सीमान्त स्थायी सुविधा दर' तथा 'निवल माँग और सावधि देयताएँ' पदबन्ध कभी-कभी समाचार में आते रहते हैं। उनका प्रयोग किसके सम्बन्ध में किया जाता है?

*(a)* बैंक कार्य

*(b)* संचार नेटवर्किंग

*(c)* युद्ध कौशल

*(d)* कृषि उत्पादों की पूर्ति एवं माँग

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**32.** What is/are the facility/facilities the beneficiaries can get from the services of Business Correspondent (Bank Saathi) in branchless areas?

1. It enables the beneficiaries to draw their subsidies and social security benefits in their villages.
2. It enables the beneficiaries in the rural areas to make deposits and withdrawals.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**33.** In the context of Indian economy, which of the following is/are the purpose/purposes of 'Statutory Reserve Requirements'?

1. To enable the Central Bank to control the amount of advances the banks can create
2. To make the people's deposits with banks safe and liquid
3. To prevent the commercial banks from making excessive profits
4. To force the banks to have sufficient vault cash to meet their day-to-day requirements

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**34.** Recently, a series of uprisings of people referred to as 'Arab Spring' originally started from

*(a)* Egypt

*(b)* Lebanon

*(c)* Syria

*(d)* Tunisia

**35.** Consider the following countries :

1. Denmark
2. Japan
3. Russian Federation
4. United Kingdom
5. United States of America

Which of the above are the members of the 'Arctic Council'?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 4 and 5

*(d)* 1, 3 and 5

**36.** Consider the following pairs :

| | *Region often in news* | | *Country* |
|---|---|---|---|
| 1. | Chechnya | : | Russian Federation |
| 2. | Darfur | : | Mali |
| 3. | Swat Valley | : | Iraq |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**32.** शाखारहित क्षेत्रों में व्यावसायिक संवाददाताओं (बैंक साथी) की सेवाओं द्वारा लाभार्थियों को कौन-सी सुविधा/सुविधाएँ प्राप्त होती है/हैं?

1. यह लाभार्थियों को अपने गाँव में अपने साहाय्य और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त करने योग्य बनाती है।
2. यह ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को धनराशि जमा करने व आहरण करने योग्य बनाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**33.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से 'सांविधिक आरक्षित आवश्यकताओं' का/के उद्देश्य है/हैं?

1. केन्द्रीय बैंक को, बैंकों द्वारा निर्मित की जा सकने वाली अग्रिम राशियों पर नियंत्रण रखने की सक्षमता प्रदान करना
2. बैंकों में जनता की जमा राशियों को सुरक्षित व तरल रखना
3. व्यावसायिक बैंकों को अत्यधिक लाभ कमाने से रोकना
4. बैंकों को दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोष्ठ नकदी (वॉल्ट कैश) रखने को बाध्य करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**34.** हाल ही में एक जन-विद्रोह शृंखला, जिसे 'अरब स्प्रिंग' कहा गया, मूलतः किस देश से शुरू हुई?

*(a)* मिस्र (ईज़िप्ट)

*(b)* लेबनॉन

*(c)* सीरिया

*(d)* ट्यूनीशिया

**35.** निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. डेनमार्क
2. जापान
3. रशियन फेडरेशन
4. यूनाइटेड किंगडम
5. यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका

उपर्युक्त में से कौन-से 'आर्कटिक काउन्सिल' के सदस्य हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 4 और 5

*(d)* 1, 3 और 5

**36.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **क्षेत्र जो प्रायः समाचारों में आता है** | | **देश** |
|---|---|---|---|
| 1. | चेचन्या | : | रशियन फेडरेशन |
| 2. | दारफुर | : | माली |
| 3. | स्वात घाटी | : | इराक़ |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**37.** With reference to Agni–IV Missile, which of the following statements is/are correct?

1. It is a surface-to-surface missile.
2. It is fuelled by liquid propellant only.
3. It can deliver one-tonne nuclear warheads about 7500 km away.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**38.** With reference to two non-conventional energy sources called 'coalbed methane' and 'shale gas', consider the following statements :

1. Coalbed methane is the pure methane gas extracted from coal seams, while shale gas is a mixture of propane and butane only that can be extracted from fine-grained sedimentary rocks.
2. In India, abundant coalbed methane sources exist, but so far no shale gas sources have been found.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**39.** With reference to 'Changpa' community of India, consider the following statements :

1. They live mainly in the State of Uttarakhand.
2. They rear the Pashmina goats that yield a fine wool.
3. They are kept in the category of Scheduled Tribes.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**40.** In India, cluster bean (Guar) is traditionally used as a vegetable or animal feed, but recently the cultivation of this has assumed significance. Which one of the following statements is correct in this context?

*(a)* The oil extracted from seeds is used in the manufacture of biodegradable plastics

*(b)* The gum made from its seeds is used in the extraction of shale gas

*(c)* The leaf extract of this plant has the properties of anti-histamines

*(d)* It is a source of high quality biodiesel

**37.** अग्नि–IV प्रक्षेपास्त्र के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह धरातल-से-धरातल तक मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है।
2. इसमें केवल द्रव नोदक ईंधन के रूप में इस्तेमाल होता है।
3. यह एक-टन नाभिकीय वारहेड को 7500 किलोमीटर दूरी तक फेंक सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**38.** 'कोयला-संस्तर मैथेन' और 'शेल गैस' नामक दो गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोतों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोयला-संस्तर मैथेन, कोयला संधियों से निष्कर्षित शुद्ध मैथेन गैस है, जबकि शेल गैस केवल प्रोपेन और ब्यूटेन का एक मिश्रण है जो सूक्ष्मकणिक अवसादी शैलों से निष्कर्षित की जा सकती है।
2. भारत में कोयला-संस्तर मैथेन स्रोत बहुतायत में हैं, किन्तु अब तक शेल गैस के स्रोत नहीं पाए गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**39.** भारत के 'चांग्पा' समुदाय के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे मुख्यतः उत्तराखण्ड राज्य में रहते हैं।
2. वे अच्छे किस्म का ऊन देने वाले पश्मीना बकरों-बकरियों को पालते हैं।
3. उन्हें अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी में रखा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**40.** भारत में ग्वार (क्लस्टर बीन) का पारम्परिक रूप से सब्जी या पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता है, किन्तु हाल ही में इसकी खेती ने महत्त्व का स्थान प्राप्त किया है। इस सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* बीजों से निकाला गया तेल जैव-निम्नीकरणीय सुघट्यों के निर्माण में प्रयुक्त होता है

*(b)* इसके बीजों से निर्मित गोंद शेल गैस के निष्कर्षण में प्रयुक्त होता है

*(c)* इस पौधे की पत्तियों के सार में प्रतिहिस्टामिन गुणधर्म होता है

*(d)* यह उच्च गुणता के जैव-डीज़ल का एक स्रोत है

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

41. Which of the following have coral reefs?

1. Andaman and Nicobar Islands
2. Gulf of Kachchh
3. Gulf of Mannar
4. Sunderbans

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

42. In India, the problem of soil erosion is associated with which of the following?

1. Terrace cultivation
2. Deforestation
3. Tropical climate

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

43. The seasonal reversal of winds is the typical characteristic of

(a) Equatorial climate
(b) Mediterranean climate
(c) Monsoon climate
(d) All of the above climates

44. With reference to the cultural history of India, the term 'Panchayatan' refers to

(a) an assembly of village elders
(b) a religious sect
(c) a style of temple construction
(d) an administrative functionary

45. Consider the following rivers :

1. Barak
2. Lohit
3. Subansiri

Which of the above flows/flow through Arunachal Pradesh?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

46. Consider the following pairs :

| | *Wetlands* | | *Confluence of rivers* |
|---|---|---|---|
| 1. | Harike Wetlands | : | Confluence of Beas and Satluj/Sutlej |
| 2. | Keoladeo Ghana National Park | : | Confluence of Banas and Chambal |
| 3. | Kolleru Lake | : | Confluence of Musi and Krishna |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**41.** निम्नलिखित में से किनमें प्रवाल-भित्तियाँ हैं?

1. अन्दमान और निकोबार द्वीपसमूह
2. कच्छ की खाड़ी
3. मन्नार की खाड़ी
4. सुन्दरवन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**42.** भारत में मृदा अपक्षय समस्या निम्नलिखित में से किससे/किनसे सम्बन्धित है/हैं?

1. वेदिका कृषि
2. वनोन्मूलन
3. उष्णकटिबन्धी जलवायु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**43.** पवनों का मौसमी उत्क्रमण किसका प्ररूपी अभिलक्षण है?

*(a)* भूमध्यरेखीय जलवायु

*(b)* भूमध्यसागरीय जलवायु

*(c)* मानसून जलवायु

*(d)* उपर्युक्त सभी जलवायु

**44.** भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भ में 'पंचायतन' शब्द किसे निर्दिष्ट करता है?

*(a)* ग्राम के ज्येष्ठ-जनों की सभा

*(b)* धार्मिक सम्प्रदाय

*(c)* मन्दिर रचना-शैली

*(d)* प्रशासनिक अधिकारी

**45.** निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिए :

1. बराक
2. लोहित
3. सुबन्सिरि

उपर्युक्त में से कौन-सी अरुणाचल प्रदेश से होकर बहती है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**46.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **आर्द्रभूमि** | | **नदियों का संगम** |
|---|---|---|---|
| 1. | हरिक आर्द्रभूमि | : | व्यास और सतलुज का संगम |
| 2. | केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान | : | बनास और चम्बल का संगम |
| 3. | कोलेरू झील | : | मुसी और कृष्णा का संगम |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**47.** Which one of the following pairs does ***not*** form part of the six systems of Indian Philosophy?

*(a)* Mimamsa and Vedanta

*(b)* Nyaya and Vaisheshika

*(c)* Lokayata and Kapalika

*(d)* Sankhya and Yoga

**48.** Consider the following pairs :

| | *Hills* | | *Region* |
|---|---|---|---|
| 1. | Cardamom Hills | : | Coromandel Coast |
| 2. | Kaimur Hills | : | Konkan Coast |
| 3. | Mahadeo Hills | : | Central India |
| 4. | Mikir Hills | : | North-East India |

Which of the above pairs are correctly matched?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 3 and 4

*(d)* 2 and 4

**49.** Which one of the following Schedules of the Constitution of India contains provisions regarding anti-defection?

*(a)* Second Schedule

*(b)* Fifth Schedule

*(c)* Eighth Schedule

*(d)* Tenth Schedule

**50.** The most important strategy for the conservation of biodiversity together with traditional human life is the establishment of

*(a)* biosphere reserves

*(b)* botanical gardens

*(c)* national parks

*(d)* wildlife sanctuaries

**51.** Turkey is located between

*(a)* Black Sea and Caspian Sea

*(b)* Black Sea and Mediterranean Sea

*(c)* Gulf of Suez and Mediterranean Sea

*(d)* Gulf of Aqaba and Dead Sea

**52.** What is the correct sequence of occurrence of the following cities in South-East Asia as one proceeds from south to north?

1. Bangkok
2. Hanoi
3. Jakarta
4. Singapore

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 4–2–1–3

*(b)* 3–2–4–1

*(c)* 3–4–1–2

*(d)* 4–3–2–1

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

47. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक भारतीय षड्दर्शन का भाग **नहीं** है?

(a) मीमांसा और वेदान्त

(b) न्याय और वैशेषिक

(c) लोकायत और कापालिक

(d) सांख्य और योग

48. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | पहाड़ियाँ | | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्डामॅम पहाड़ियाँ | : | कोरोमण्डल तट |
| 2. | कैमूर पहाड़ियाँ | : | कोंकण तट |
| 3. | महादेव पहाड़ियाँ | : | मध्य भारत |
| 4. | मिकिर पहाड़ियाँ | : | पूर्वोत्तर भारत |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 2 और 4

49. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी एक अनुसूची में दल-बदल विरोध विषयक उपबन्ध हैं?

(a) दूसरी अनुसूची

(b) पाँचवीं अनुसूची

(c) आठवीं अनुसूची

(d) दसवीं अनुसूची

50. जैव-विविधता के साथ-साथ मनुष्य के परम्परागत जीवन के संरक्षण के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीति निम्नलिखित में से किस एक की स्थापना करने में निहित है?

(a) जीवमण्डल निचय (रिज़र्व)

(b) वानस्पतिक उद्यान

(c) राष्ट्रीय उपवन

(d) वन्यजीव अभयारण्य

51. टर्की किनके मध्य स्थित है?

(a) काला सागर और कैस्पियन सागर

(b) काला सागर और भूमध्य सागर

(c) स्वेज की खाड़ी और भूमध्य सागर

(d) अक़ाबा की खाड़ी और मृत सागर

52. दक्षिण-पूर्वी एशिया में दक्षिण से उत्तर की ओर जाने पर नीचे दिए गए नगरों का सही स्थितिक्रम क्या है?

1. बैंकॉक
2. हनोइ
3. जकार्ता
4. सिंगापुर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 4–2–1–3

(b) 3–2–4–1

(c) 3–4–1–2

(d) 4–3–2–1

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**53.** The scientific view is that the increase in global temperature should not exceed 2 °C above pre-industrial level. If the global temperature increases beyond 3 °C above the pre-industrial level, what can be its possible impact/impacts on the world?

1. Terrestrial biosphere tends toward a net carbon source.
2. Widespread coral mortality will occur.
3. All the global wetlands will permanently disappear.
4. Cultivation of cereals will not be possible anywhere in the world.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**54.** The national motto of India, 'Satyameva Jayate' inscribed below the Emblem of India is taken from

*(a)* Katha Upanishad

*(b)* Chandogya Upanishad

*(c)* Aitareya Upanishad

*(d)* Mundaka Upanishad

**55.** In the Constitution of India, promotion of international peace and security is included in the

*(a)* Preamble to the Constitution

*(b)* Directive Principles of State Policy

*(c)* Fundamental Duties

*(d)* Ninth Schedule

**56.** What are the benefits of implementing the 'Integrated Watershed Development Programme'?

1. Prevention of soil runoff
2. Linking the country's perennial rivers with seasonal rivers
3. Rainwater harvesting and recharge of groundwater table
4. Regeneration of natural vegetation

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

53. वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि विश्व तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 °C से अधिक नहीं बढ़ना चाहिए। यदि विश्व तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 3 °C के परे बढ़ जाता है, तो विश्व पर उसका सम्भावित असर क्या होगा?

1. स्थलीय जीवमण्डल एक नेट कार्बन स्रोत की ओर प्रवृत्त होगा।
2. विस्तृत प्रवाल मर्त्यता घटित होगी।
3. सभी भूमण्डलीय आर्द्रभूमि स्थायी रूप से लुप्त हो जाएँगी।
4. अनाजों की खेती विश्व में कहीं भी सम्भव नहीं होगी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

54. भारत के सम्प्रतीक के नीचे उत्कीर्ण भारत की राष्ट्रीय आदर्शोक्ति 'सत्यमेव जयते' कहाँ से ली गई है?

(a) कठ उपनिषद्

(b) छांदोग्य उपनिषद्

(c) ऐतरेय उपनिषद्

(d) मुंडक उपनिषद्

55. भारत के संविधान में अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का कहाँ उल्लेख है?

(a) संविधान की उद्देशिका में

(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में

(c) मूल कर्तव्यों में

(d) नौवीं अनुसूची में

56. 'एकीकृत जलसम्भर विकास कार्यक्रम' को कार्यान्वित करने के क्या लाभ हैं?

1. मृदा के बह जाने की रोकथाम
2. देश की बारहमासी नदियों को मौसमी नदियों से जोड़ना
3. वर्षा-जल संग्रहण तथा भौम-जलस्तर का पुनर्भरण
4. प्राकृतिक वनस्पतियों का पुनर्जनन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**57.** Which of the following are associated with 'Planning' in India?

1. The Finance Commission
2. The National Development Council
3. The Union Ministry of Rural Development
4. The Union Ministry of Urban Development
5. The Parliament

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 5 only

*(b)* 1, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 5 only

*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

**58.** Which of the following is/are the function/functions of the Cabinet Secretariat?

1. Preparation of agenda for Cabinet Meetings
2. Secretarial assistance to Cabinet Committees
3. Allocation of financial resources to the Ministries

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**59.** Consider the following statements :

A Constitutional Government is one which

1. places effective restrictions on individual liberty in the interest of State Authority
2. places effective restrictions on the Authority of the State in the interest of individual liberty

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**60.** Which of the following are the discretionary powers given to the Governor of a State?

1. Sending a report to the President of India for imposing the President's rule
2. Appointing the Ministers
3. Reserving certain bills passed by the State Legislature for consideration of the President of India
4. Making the rules to conduct the business of the State Government

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**57.** निम्नलिखित में से कौन-से भारत में 'योजना' से सम्बद्ध हैं?

1. वित्त आयोग
2. राष्ट्रीय विकास परिषद्
3. संघीय ग्रामीण विकास मंत्रालय
4. संघीय शहरी विकास मंत्रालय
5. संसद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 5

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 5

*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से मंत्रिमण्डल सचिवालय का/के कार्य है/हैं?

1. मंत्रिमण्डल बैठकों के लिए कार्यसूची तैयार करना
2. मंत्रिमण्डल समितियों के लिए सचिवालयी सहायता
3. मंत्रालयों को वित्तीय संसाधनों का आबंटन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**59.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

संवैधानिक सरकार वह है

1. जो राज्य की सत्ता के हित में व्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभावकारी प्रतिबन्ध लगाती है
2. जो व्यक्ति की स्वतंत्रता के हित में राज्य की सत्ता पर प्रभावकारी प्रतिबन्ध लगाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सी किसी राज्य के राज्यपाल को दी गई विवेकाधीन शक्तियाँ हैं?

1. भारत के राष्ट्रपति को, राष्ट्रपति शासन अधिरोपित करने के लिए रिपोर्ट भेजना
2. मंत्रियों की नियुक्ति करना
3. राज्य विधानमण्डल द्वारा पारित कतिपय विधेयकों को, भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना
4. राज्य सरकार के कार्य संचालन के लिए नियम बनाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**61.** If the interest rate is decreased in an economy, it will

*(a)* decrease the consumption expenditure in the economy

*(b)* increase the tax collection of the Government

*(c)* increase the investment expenditure in the economy

*(d)* increase the total savings in the economy

**62.** Consider the following statements :

1. The President shall make rules for the more convenient transaction of the business of the Government of India, and for the allocation among Ministers of the said business.
2. All executive actions of the Government of India shall be expressed to be taken in the name of the Prime Minister.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**63.** Consider the following statements regarding a No-Confidence Motion in India :

1. There is no mention of a No-Confidence Motion in the Constitution of India.
2. A Motion of No-Confidence can be introduced in the Lok Sabha only.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**64.** With reference to Neem tree, consider the following statements :

1. Neem oil can be used as a pesticide to control the proliferation of some species of insects and mites.
2. Neem seeds are used in the manufacture of biofuels and hospital detergents.
3. Neem oil has applications in pharmaceutical industry.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**65.** Which one of the following is the process involved in photosynthesis?

*(a)* Potential energy is released to form free energy

*(b)* Free energy is converted into potential energy and stored

*(c)* Food is oxidized to release carbon dioxide and water

*(d)* Oxygen is taken, and carbon dioxide and water vapour are given out

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

61. किसी अर्थव्यवस्था में यदि ब्याज की दर को घटाया जाता है, तो वह

(a) अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय घटाएगा

(b) सरकार के कर-संग्रह को बढ़ाएगा

(c) अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय को बढ़ाएगा

(d) अर्थव्यवस्था में कुल बचत को बढ़ाएगा

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रपति, भारत सरकार का कार्य अधिक सुविधापूर्वक किए जाने के लिए और मंत्रियों में उक्त कार्य के आबंटन के लिए नियम बनाएगा।

2. भारत सरकार की समस्त कार्यपालक कार्रवाइयाँ प्रधानमंत्री के नाम से की हुई कही जाएँगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

63. भारत में अविश्वास प्रस्ताव के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में किसी अविश्वास प्रस्ताव का कोई उल्लेख नहीं है।

2. अविश्वास प्रस्ताव केवल लोक सभा में ही पुरःस्थापित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

64. नीम के पेड़ के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुछ जाति के कीटों और बरुथियों के प्रचुरोद्भवन को नियंत्रित करने के लिए नीम के तेल का प्रयोग कीटनाशक के रूप में किया जा सकता है।

2. नीम के बीजों का प्रयोग जैव-ईंधन और अस्पताल अपमार्जकों का निर्माण करने में होता है।

3. नीम के तेल का अनुप्रयोग औषधि उद्योग में होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रक्रम प्रकाश-संश्लेषण में सम्मिलित है?

(a) स्थितिज ऊर्जा मुक्त होकर प्राप्यतम ऊर्जा बनती है

(b) प्राप्यतम ऊर्जा, स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तित होती है और संचित हो जाती है

(c) भोजन ऑक्सीकृत होकर कार्बन डाइऑक्साइड और जल मुक्त करता है

(d) ऑक्सीजन ली जाती है तथा कार्बन डाइऑक्साइड और जलवाष्प बाहर निकलते हैं

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**66.** In addition to fingerprint scanning, which of the following can be used in the biometric identification of a person?

1. Iris scanning
2. Retinal scanning
3. Voice recognition

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**67.** Which of the following statements is/are correct regarding vegetative propagation of plants?

1. Vegetative propagation produces clonal population.
2. Vegetative propagation helps in eliminating the virus.
3. Vegetative propagation can be practiced most of the year.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**68.** Which of the following pairs is/are correctly matched?

| | *Spacecraft* | | *Purpose* |
|---|---|---|---|
| 1. | Cassini-Huygens | : | Orbiting the Venus and transmitting data to the Earth |
| 2. | Messenger | : | Mapping and investigating the Mercury |
| 3. | Voyager 1 and 2 | : | Exploring the outer solar system |

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**69.** Consider the following pairs :

| | *Region* | | *Well-known for the production of* |
|---|---|---|---|
| 1. | Kinnaur | : | Areca nut |
| 2. | Mewat | : | Mango |
| 3. | Coromandel | : | Soya bean |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**66.** किसी व्यक्ति के जीवमितीय पहचान हेतु, अंगुली-छाप क्रमवीक्षण के अलावा, निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रयोग में लाया जा सकता है/लाए जा सकते हैं?

1. परितारिका क्रमवीक्षण
2. दृष्टिपटल क्रमवीक्षण
3. वाक् अभिज्ञान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन पौधों के कायिक प्रवर्धन के सम्बन्ध में सही है/हैं?

1. कायिक प्रवर्धन क्लोनीय जनसंख्या को उत्पन्न करता है।
2. कायिक प्रवर्धन विषाणुओं का निष्प्रभावन करने में सहायक है।
3. कायिक प्रवर्धन वर्ष के अधिकतर भाग में चल सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**68.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| | **अन्तरिक्ष यान** | | **प्रयोजन** |
|---|---|---|---|
| 1. | कैसिनी-हाइगेन्स | : | शुक्र की परिक्रमा करना और दत्त का पृथ्वी तक संचारण करना |
| 2. | मेसेंजर | : | बुध का मानचित्रण और अन्वेषण |
| 3. | वॉयेजर 1 और 2 | : | बाह्य सौर परिवार का अन्वेषण |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**69.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **क्षेत्र** | | **किसके उत्पादन के लिए जाना जाता है** |
|---|---|---|---|
| 1. | किन्नौर | : | सुपारी |
| 2. | मेवात | : | आम |
| 3. | कोरोमण्डल | : | सोयाबीन |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

70. Which of the following is/are the example/examples of chemical change?

1. Crystallization of sodium chloride
2. Melting of ice
3. Souring of milk

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) None

71. The power of the Supreme Court of India to decide disputes between the Centre and the States falls under its

(a) advisory jurisdiction

(b) appellate jurisdiction

(c) original jurisdiction

(d) writ jurisdiction

72. Consider the following techniques/ phenomena :

1. Budding and grafting in fruit plants
2. Cytoplasmic male sterility
3. Gene silencing

Which of the above is/are used to create transgenic crops?

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) None

73. Consider the following statements :

1. Maize can be used for the production of starch.
2. Oil extracted from maize can be a feedstock for biodiesel.
3. Alcoholic beverages can be produced by using maize.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

74. Among the following organisms, which one does **not** belong to the class of other three?

(a) Crab

(b) Mite

(c) Scorpion

(d) Spider

75. The power to increase the number of judges in the Supreme Court of India is vested in

(a) the President of India

(b) the Parliament

(c) the Chief Justice of India

(d) the Law Commission

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से रासायनिक परिवर्तन का/के उदाहरण है/हैं?

1. सोडियम क्लोराइड का क्रिस्टलन
2. बर्फ का गलन
3. दुग्ध आस्कंदन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**71.** केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति किसके अन्तर्गत आती है?

*(a)* परामर्शी अधिकारिता के अन्तर्गत

*(b)* अपीली अधिकारिता के अन्तर्गत

*(c)* मूल अधिकारिता के अन्तर्गत

*(d)* रिट अधिकारिता के अन्तर्गत

**72.** निम्नलिखित तकनीकों/परिघटनाओं पर विचार कीजिए :

1. फल वाले पादपों में मुकुलन और रोपण
2. कोशिकाद्रव्यी नर बन्ध्यता
3. जीन नीरवता

उपर्युक्त में से कौन-सा/से ट्रांसजेनिक फसलों को बनाने में प्रयुक्त होता है/होते हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* कोई नहीं

**73.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मक्का का मण्ड के उत्पादन के लिए प्रयोग किया जा सकता है।
2. मक्का से निष्कर्षित तेल जैव-डीजल के लिए फीडस्टॉक हो सकता है।
3. मक्का के प्रयोग से एल्कोहॅली पेय उत्पन्न किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीव, अन्य तीन जीवों के वर्ग का **नहीं** है?

*(a)* केकड़ा

*(b)* बरुथी

*(c)* बिच्छू

*(d)* मकड़ी

**75.** भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसमें निहित है?

*(a)* भारत का राष्ट्रपति

*(b)* संसद

*(c)* भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

*(d)* विधि आयोग

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**76.** Consider the following towns of India :

1. Bhadrachalam
2. Chanderi
3. Kancheepuram
4. Karnal

Which of the above are famous for the production of traditional sarees/fabric?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1, 3 and 4

**77.** Consider the following pairs :

| | *National Highway* | | *Cities connected* |
|---|---|---|---|
| 1. | NH 4 | : | Chennai and Hyderabad |
| 2. | NH 6 | : | Mumbai and Kolkata |
| 3. | NH 15 | : | Ahmedabad and Jodhpur |

Which of the above pairs is/are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**78.** Consider the following international agreements :

1. The International Treaty on Plant Genetic Resources for Food and Agriculture
2. The United Nations Convention to Combat Desertification
3. The World Heritage Convention

Which of the above has/have a bearing on the biodiversity?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**79.** Consider the following statements regarding 'Earth Hour' :

1. It is an initiative of UNEP and UNESCO.
2. It is a movement in which the participants switch off the lights for one hour on a certain day every year.
3. It is a movement to raise the awareness about the climate change and the need to save the planet.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**80.** Which one of the following is the correct sequence of a food chain?

*(a)* Diatoms–Crustaceans–Herrings

*(b)* Crustaceans–Diatoms–Herrings

*(c)* Diatoms–Herrings–Crustaceans

*(d)* Crustaceans–Herrings–Diatoms

ABHYAS IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**76.** भारत के निम्नलिखित नगरों पर विचार कीजिए :

1. भद्राचलम
2. चंदेरी
3. कांचीपुरम
4. करनाल

उपर्युक्त में से कौन-कौन से पारम्परिक साड़ी/वस्त्र उत्पादन के लिए सुख्यात हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 1, 3 और 4

**77.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **राष्ट्रीय राजमार्ग** | | **इससे जुड़े शहर** |
|---|---|---|---|
| 1. | NH 4 | : | चेन्नई और हैदराबाद |
| 2. | NH 6 | : | मुम्बई और कोलकाता |
| 3. | NH 15 | : | अहमदाबाद और जोधपुर |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**78.** निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय करारों पर विचार कीजिए :

1. खाद्य एवं कृषि हेतु पादप आनुवंशिक संसाधनों के विषय में अन्तर्राष्ट्रीय संधि
2. मरुभवन का सामना करने हेतु संयुक्त राष्ट्र अभिसमय
3. विश्व विरासत अभिसमय

उपर्युक्त में से कौन-सा/से जैव-विविधता से सम्बन्ध रखता है/रखते हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**79.** 'पृथ्वी काल' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह UNEP तथा UNESCO का उपक्रमण है।
2. यह एक आन्दोलन है, जिसमें प्रतिभागी प्रतिवर्ष एक निश्चित दिन, एक घण्टे के लिए बिजली बन्द कर देते हैं।
3. यह जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता लाने वाला आन्दोलन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**80.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आहार श्रृंखला का सही क्रम है?

*(a)* डायटम–क्रस्टेशियाई–हेरिंग

*(b)* क्रस्टेशियाई–डायटम–हेरिंग

*(c)* डायटम–हेरिंग–क्रस्टेशियाई

*(d)* क्रस्टेशियाई–हेरिंग–डायटम

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**81.** The Partition of Bengal made by Lord Curzon in 1905 lasted until

*(a)* the First World War when Indian troops were needed by the British and the partition was ended

*(b)* King George V abrogated Curzon's Act at the Royal Durbar in Delhi in 1911

*(c)* Gandhiji launched his Civil Disobedience Movement

*(d)* the Partition of India in 1947 when East Bengal became East Pakistan

**82.** The 1929 Session of Indian National Congress is of significance in the history of the Freedom Movement because the

*(a)* attainment of Self-Government was declared as the objective of the Congress

*(b)* attainment of Poorna Swaraj was adopted as the goal of the Congress

*(c)* Non-Cooperation Movement was launched

*(d)* decision to participate in the Round Table Conference in London was taken

**83.** With reference to the famous Sattriya dance, consider the following statements :

1. Sattriya is a combination of music, dance and drama.
2. It is a centuries-old living tradition of Vaishnavites of Assam.
3. It is based on classical Ragas and Talas of devotional songs composed by Tulsidas, Kabir and Mirabai.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**84.** Chaitra 1 of the national calendar based on the Saka Era corresponds to which one of the following dates of the Gregorian calendar in a normal year of 365 days?

*(a)* 22nd March (or 21st March)

*(b)* 15th May (or 16th May)

*(c)* 31st March (or 30th March)

*(d)* 21st April (or 20th April)

**81.** 1905 में लॉर्ड कर्ज़न द्वारा किया गया बंगाल का विभाजन कब तक बना रहा?

*(a)* प्रथम विश्वयुद्ध तक, जिसमें अंग्रेजों को भारतीय सैनिकों की आवश्यकता पड़ी और विभाजन समाप्त किया गया

*(b)* सम्राट जॉर्ज पंचम द्वारा दिल्ली में 1911 के शाही दरबार में कर्ज़न के अधिनियम को निराकृत किये जाने तक

*(c)* महात्मा गाँधी द्वारा अपना सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरम्भ करने तक

*(d)* भारत के 1947 में हुए विभाजन तक, जब पूर्वी बंगाल, पूर्वी पाकिस्तान बन गया

**82.** स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1929 का अधिवेशन इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अधिवेशन में

*(a)* काँग्रेस के उद्देश्य के तौर पर स्व-शासन प्राप्ति की घोषणा की गई

*(b)* काँग्रेस के लक्ष्य के तौर पर पूर्ण स्वराज प्राप्ति को स्वीकृत किया गया

*(c)* असहयोग आन्दोलन का आरम्भ हुआ

*(d)* लन्दन में गोल मेज़ सम्मेलन में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया

**83.** विख्यात सत्रीया नृत्य के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सत्रीया, संगीत, नृत्य तथा अभिनय का सम्मिश्रण है।
2. यह असम के वैष्णवों की शताब्दियों पुरानी जीवन्त परम्परा है।
3. यह तुलसीदास, कबीर और मीराबाई द्वारा रचित भक्ति-गीतों के शास्त्रीय रागों तथा तालों पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**84.** शक संवत् पर आधारित राष्ट्रीय पंचांग (कैलेन्डर) का 1 चैत्र, ग्रिगरियन कैलेन्डर पर आधारित 365 दिन के सामान्य वर्ष की निम्नलिखित तिथियों में से किस एक के तदनुरूप है?

*(a)* 22 मार्च (अथवा 21 मार्च)

*(b)* 15 मई (अथवा 16 मई)

*(c)* 31 मार्च (अथवा 30 मार्च)

*(d)* 21 अप्रैल (अथवा 20 अप्रैल)

**85.** With reference to the Indian history of art and culture, consider the following pairs :

| *Famous work of sculpture* | | *Site* |
|---|---|---|
| 1. A grand image of Buddha's Mahaparinirvana with numerous celestial musicians above and the sorrowful figures of his followers below | : | Ajanta |
| 2. A huge image of Varaha Avatar (boar incarnation) of Vishnu, as he rescues Goddess Earth from the deep and chaotic waters, sculpted on rock | : | Mount Abu |
| 3. "Arjuna's Penance"/ "Descent of Ganga" sculpted on the surface of huge boulders | : | Mamallapuram |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**86.** The Ghadr (Ghadar) was a

*(a)* revolutionary association of Indians with headquarters at San Francisco

*(b)* nationalist organization operating from Singapore

*(c)* militant organization with headquarters at Berlin

*(d)* communist movement for India's freedom with headquarters at Tashkent

**87.** With reference to India's culture and tradition, what is 'Kalaripayattu'?

*(a)* It is an ancient Bhakti cult of Shaivism still prevalent in some parts of South India

*(b)* It is an ancient style bronze and brasswork still found in southern part of Coromandel area

*(c)* It is an ancient form of dance-drama and a living tradition in the northern part of Malabar

*(d)* It is an ancient martial art and a living tradition in some parts of South India

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**88.** Consider the following pairs :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Garba | : | Gujarat |
| 2. | Mohiniattam | : | Odisha |
| 3. | Yakshagana | : | Karnataka |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

85. भारत की कला व संस्कृति के इतिहास के सम्बन्ध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| विख्यात मूर्तिशिल्प | | स्थल |
|---|---|---|
| 1. बुद्ध के महापरिनिर्वाण की एक भव्य प्रतिमा जिसमें ऊपर की ओर अनेकों दैवी संगीतज्ञ तथा नीचे की ओर उनके दुखी अनुयायी दर्शाए गए हैं | : | अजन्ता |
| 2. प्रस्तर पर उत्कीर्ण विष्णु के वराह अवतार की विशाल प्रतिमा जिसमें वह देवी पृथ्वी को गहरे विक्षुब्ध सागर से उबारते दर्शाए गए हैं | : | माउंट आबू |
| 3. विशाल गोलाश्मों पर उत्कीर्ण "अर्जुन की तपस्या"/"गंगा-अवतरण" | : | मामल्लपुरम |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

86. ग़दर क्या था?

(a) भारतीयों का एक क्रान्तिकारी संघ, जिसका प्रधान कार्यालय सैन फ्रांसिस्को में था

(b) एक राष्ट्रवादी संगठन, जो सिंगापुर से संचालित होता था

(c) एक उग्रवादी संगठन, जिसका प्रधान कार्यालय बर्लिन में था

(d) भारत की स्वतंत्रता के लिए एक कम्युनिस्ट आन्दोलन, जिसका प्रधान कार्यालय ताशकन्द में था

87. भारत की संस्कृति एवं परम्परा के सन्दर्भ में 'कलारीपयट्टू' क्या है?

(a) यह शैवमत का प्राचीन भक्ति पंथ है जो अभी भी दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में प्रचलित है

(b) यह काँसे और पीतल के काम की एक प्राचीन शैली है जो अभी भी कोरोमण्डल क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में पाई जाती है

(c) यह नृत्य-नाटिका का एक प्राचीन रूप है और मालाबार के उत्तरी हिस्से में एक जीवन्त परम्परा है

(d) यह एक प्राचीन मार्शल कला है और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जीवन्त परम्परा है

88. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. गरबा | : | गुजरात |
| 2. मोहिनीअट्टम | : | ओडिशा |
| 3. यक्षगान | : | कर्नाटक |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**89.** With reference to Buddhist history, tradition and culture in India, consider the following pairs :

| *Famous shrine* | | *Location* |
|---|---|---|
| 1. Tabo monastery and temple complex | : | Spiti Valley |
| 2. Lhotsava Lhakhang temple, Nako | : | Zanskar Valley |
| 3. Alchi temple complex | : | Ladakh |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**90.** Consider the following statements :

1. 'Bijak' is a composition of the teachings of Saint Dadu Dayal.
2. The Philosophy of Pushti Marg was propounded by Madhvacharya.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**91.** A community of people called Manganiyars is well-known for their

(a) martial arts in North-East India

(b) musical tradition in North-West India

(c) classical vocal music in South India

(d) pietra dura tradition in Central India

**92.** What was/were the object/objects of Queen Victoria's Proclamation (1858)?

1. To disclaim any intention to annex Indian States
2. To place the Indian administration under the British Crown
3. To regulate East India Company's trade with India

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**93.** Ibadat Khana at Fatehpur Sikri was

(a) the mosque for the use of Royal Family

(b) Akbar's private prayer chamber

(c) the hall in which Akbar held discussions with scholars of various religions

(d) the room in which the nobles belonging to different religions gathered to discuss religious affairs

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**89.** भारत में बौद्ध इतिहास, परम्परा और संस्कृति के सम्बन्ध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **विख्यात तीर्थस्थल** | | **अवस्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | टाबो मठ और मन्दिर संकुल | : | स्पीति घाटी |
| 2. | ल्होत्सव लाखांग मन्दिर, नको | : | जंस्कार घाटी |
| 3. | अल्ची मन्दिर संकुल | : | लद्दाख |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**90.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'बीजक' सन्त दादू दयाल के उपदेशों का एक संकलन है।
2. पुष्टि मार्ग के दर्शन को मध्वाचार्य ने प्रतिपादित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**91.** मंगानियार के नाम से जाना जाने वाला लोगों का समुदाय

*(a)* पूर्वोत्तर भारत में अपनी मार्शल कलाओं के लिए विख्यात है

*(b)* पश्चिमोत्तर भारत में अपनी संगीत परम्परा के लिए विख्यात है

*(c)* दक्षिण भारत में अपने शास्त्रीय गायन संगीत के लिए विख्यात है

*(d)* मध्य भारत में पच्चीकारी परम्परा के लिए विख्यात है

**92.** महारानी विक्टोरिया की उद्घोषणा (1858) का उद्देश्य क्या था?

1. भारतीय राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाने के किसी भी विचार का परित्याग करना
2. भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश क्राउन के अन्तर्गत रखना
3. भारत के साथ ईस्ट इन्डिया कम्पनी के व्यापार का नियमन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**93.** फतेहपुर सीकरी का इबादतखाना क्या था?

*(a)* राज परिवार के इस्तेमाल के लिए मस्जिद

*(b)* अकबर का निजी प्रार्थना कक्ष

*(c)* वह भवन जिसमें विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ अकबर चर्चा करता था

*(d)* वह कमरा जिसमें विभिन्न धर्म वाले कुलीन-जन धार्मिक बातों के विचारार्थ जमा होते थे

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

94. In the context of food and nutritional security of India, enhancing the 'Seed Replacement Rates' of various crops helps in achieving the food production targets of the future. But what is/are the constraint/ constraints in its wider/greater implementation?

1. There is no National Seeds Policy in place.
2. There is no participation of private sector seed companies in the supply of quality seeds of vegetables and planting materials of horticultural crops.
3. There is a demand-supply gap regarding quality seeds in case of low value and high volume crops.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3

*(d)* None

95. With reference to 'Eco-Sensitive Zones', which of the following statements is/are correct?

1. Eco-Sensitive Zones are the areas that are declared under the Wildlife (Protection) Act, 1972.
2. The purpose of the declaration of Eco-Sensitive Zones is to prohibit all kinds of human activities in those zones except agriculture.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

96. Consider the following statements :

1. Animal Welfare Board of India is established under the Environment (Protection) Act, 1986.
2. National Tiger Conservation Authority is a statutory body.
3. National Ganga River Basin Authority is chaired by the Prime Minister.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**94.** भारत की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के सन्दर्भ में विभिन्न फसलों की 'बीज प्रतिस्थापन दरों' को बढ़ाने से भविष्य के खाद्य उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। किन्तु इसके अपेक्षाकृत बड़े/विस्तृत कार्यान्वयन में क्या बाध्यता है/बाध्यताएँ हैं?

1. कोई भी राष्ट्रीय बीज नीति नहीं बनी है।
2. निजी क्षेत्र की बीज कम्पनियों की, उद्यान-कृषि फसलों की रोपण सामग्रियों और सब्जियों के गुणता वाले बीजों की पूर्ति में कोई सहभागिता नहीं है।
3. निम्न मूल्य एवं उच्च परिमाण वाली फसलों के मामले में गुणता वाले बीजों के बारे में माँग-पूर्ति अन्तराल है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**95.** 'पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्रों' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्र वे क्षेत्र हैं, जिन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन घोषित किया गया है।
2. पारिस्थितिक-संवेदी क्षेत्र को घोषित करने का प्रयोजन है, उन क्षेत्रों में केवल कृषि को छोड़कर सभी मानव क्रियाओं पर प्रतिबन्ध लगाना।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**96.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन स्थापित है।
2. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एक सांविधिक निकाय है।
3. राष्ट्रीय गंगा नदी द्रोणी प्राधिकरण की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* 1, 2 और 3

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**97.** Consider the following pairs :

| *Vitamin* | | *Deficiency disease* |
|---|---|---|
| 1. Vitamin C | : | Scurvy |
| 2. Vitamin D | : | Rickets |
| 3. Vitamin E | : | Night blindness |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* None

**98.** There is some concern regarding the nanoparticles of some chemical elements that are used by the industry in the manufacture of various products. Why?

1. They can accumulate in the environment, and contaminate water and soil.
2. They can enter the food chains.
3. They can trigger the production of free radicals.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**99.** Which of the following organizations brings out the publication known as 'World Economic Outlook'?

*(a)* The International Monetary Fund

*(b)* The United Nations Development Programme

*(c)* The World Economic Forum

*(d)* The World Bank

**100.** With reference to Union Budget, which of the following is/are covered under Non-Plan Expenditure?

1. Defence expenditure
2. Interest payments
3. Salaries and pensions
4. Subsidies

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* None

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**97.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **विटामिन** | | **इसकी हीनता से होने वाला रोग** |
|---|---|---|---|
| 1. | विटामिन C | : | स्कर्वी |
| 2. | विटामिन D | : | रिकेट्स |
| 3. | विटामिन E | : | रात्रि अंधता |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**98.** विभिन्न उत्पादों के विनिर्माण में उद्योग द्वारा प्रयुक्त होने वाले कुछ रासायनिक तत्त्वों के नैनो-कणों के बारे में कुछ चिन्ता है। क्यों?

1. वे पर्यावरण में संचित हो सकते हैं तथा जल और मृदा को संदूषित कर सकते हैं।
2. वे खाद्य शृंखलाओं में प्रविष्ट हो सकते हैं।
3. वे मुक्त मूलकों के उत्पादन को विमोचित कर सकते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**99.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आऊटलुक' नामक प्रकाशन प्रकाशित करता है?

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

*(b)* संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

*(c)* विश्व आर्थिक फोरम

*(d)* विश्व बैंक

**100.** संघ के बजट के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से गैर-योजना व्यय के अधीन आता है/आते हैं?

1. रक्षा व्यय
2. ब्याज अदायगी
3. वेतन एवं पेंशन
4. उपदान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* कोई नहीं

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

## SPACE FOR ROUGH WORK

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

SPACE FOR ROUGH WORK

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : B–FVS–N–IVUA** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

557613

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—I

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance